ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, गुरूवार 23 अक्टूबर 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 181


## राजस्थान सरकार ने 5000 करोड़ का कर्ज लिया:RBI बॉन्ड पर कई राज्यों से ज्यादा ब्याज देगी; कहां खर्च होगा ये पैसा



24 न्यूज अपडेट

राज्य सरकार ने विकास योजनाओं के लिए 5000 करोड़ के बॉन्ड के जरिए कर्ज लिया है। यह पैसा सीधा कर्ज नहीं लेकर 3 आरबीआई बॉन्ड के जरिए जुटाया गया है। सरकार ने रिजर्व बैंक के जरिए स्टेट ग्रांटेड सिक्योरिटीज (SGS) बॉन्ड से 5000 करोड़ की रकम जुटाई है।

बॉन्ड का पैसा 10 से 26 साल में वापस चुकाना है। सरकार लगभग हर साल बॉन्ड के जरिए पैसा जुटाती है। इस बार दूसरे राज्यों की तुलना में सरकार बॉन्ड पर ज्यादा ब्याज दे रही है।

आरबीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार बॉन्ड राजस्थान एसजीएस 2043 को रि-इश्यू करके 1500 करोड़ रुपए जुटाए हैं। इस पर 7.57 प्रतिशत ब्याज लगेगा, यह बॉन्ड 18 साल के लिए जारी किया है।

बॉन्ड राजस्थान एसजीएस 2035 के जरिए 2000 करोड़ रुपए 10 साल के लिए 7.23 फीसदी ब्याज पर जुटाए हैं। राजस्थान एसजीएस 2051 बॉन्ड के जरिए 26 साल के लिए 1500 करोड़ 7.30 प्रतिशत ब्याज दिया जाएगा।

यूपी, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु ने भी बॉन्ड से जुटाया फंड

आरबीआई के एसजीएस बॉन्ड के जरिए राजस्थान के साथ उत्तर प्रदेश (यूपी), महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु ने भी फंड जुटाया है। महाराष्ट्र ने 5000 करोड़, छत्तीसगढ़ ने 2000 करोड़, उत्तर प्रदेश ने 2000 करोड़ और तमिलनाडु ने 3000 करोड़ रुपए का फंड जुटाया है।

### तमिलनाडु के बॉन्ड पर राजस्थान से कम ब्याज

तमिलनाडु के बॉन्ड राजस्थान से सस्ती ब्याज दर पर है, सरकार को कम ब्याज देना पड़ेगा। तमिलनाडु ने 2032 तक के लिए 1000 करोड़ रुपए 6.99 प्रतिशत ब्याज पर जुटाए हैं। 2035 तक 1000 करोड़ के लिए 7.14 फीसदी और 2055 तक के लिए 1000 करोड़ 7.34 प्रतिशत ब्याज पर जुटाए हैं।

छत्तीसगढ़ ने 2040 तक के लिए 1000 करोड़ 15 साल के लिए 7.34% पर और 1000 करोड़ रुपए 2032 तक के लिए 7.14% ब्याज दर पर बॉन्ड के जरिए जुटाए हैं।

महाराष्ट्र ने 1000 करोड़ 2034 तक के लिए 7.24%,1500 करोड़ 2041 तक के लिए 7.26% पर और 2036 तक के लिए 1500 करोड़ 7.20% और 2050 तक के लिए 1000 करोड़ 7.29% पर जुटाए हैं।

### आरबीआई ने दिवाली के दिन बॉन्ड नीलामी का नतीजा सार्वजनिक किया

आरबीआई ने राजस्थान सरकार के बॉन्ड की बिक्री के लिए नीलामी रखी थी। 20 अक्टूबर को दिवाली के दिन आरबीआई ने 3 अलग-अलग बॉन्ड की नीलामी के बाद उसका रिजल्ट सार्वजनिक किया था।

हर राज्य सरकार विकास योजनाओं के लिए बॉन्ड के जरिए पैसा जुटाती है। इन्हें स्टेट ग्रांटेड सिक्योरिटीज (SGS) बॉन्ड के नाम से जाना जाता है। रिजर्व बैंक को सरकार गारंटी देती है।

आरबीआई के जरिए बॉन्ड पर लोगों से पैसा जुटाया जाता है। इन बॉन्ड पर ब्याज दर अच्छी मिलती है, इसलिए आम लोग और संस्थाएं ये बॉन्ड खरीदते हैं। बॉन्ड मैच्योर होने पर सरकार को ब्याज सहित पैसा वापस लौटाना होता है।


## अब बैंक खाते में चार नॉमिनी जोड़ सकेंगे ग्राहक, तय कर सकेंगे हिस्सेदारी और प्राथमिकता

24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली. बैंकिंग सिस्टम में अब ग्राहकों को अपने खाते में चार नॉमिनी जोड़ने की सुविधा मिलेगी। साथ ही ग्राहक यह भी तय कर सकेंगे कि किस नॉमिनी को कितना हिस्सा मिलेगा और किसे प्राथमिकता दी जाएगी। ग्राहक अपनी सुविधा के अनुसार एक-एक करके या एक साथ चारों नॉमिनी जोड़ सकेंगे। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार (23 अक्टूबर) को जानकारी दी कि यह व्यवस्था बैंकिंग लॉज (अमेंडमेंट) एक्ट, 2025 के तहत शुरू की जा रही है। यह एक्ट 15 अप्रैल 2025 को नोटिफाई हुआ था और इसके नॉमिनेशन से जुड़े मुख्य नियम 1 नवंबर 2025 से लागू होंगे।

### सरकार का कहना: निपटारा और उत्तराधिकार में क्लैरिटी

मंत्रालय ने बताया कि ग्राहक अब चार नॉमिनी बना सकते हैं और प्रत्येक नॉमिनी का हिस्सा या प्रतिशत तय कर सकते हैं। इससे नॉमिनी के बीच पारदर्शी बंटवारा होगा। जो लोग डिपॉजिट, सेफ कस्टडी में सामान या लॉकर रखते हैं, वे भी चार नॉमिनी बना सकते हैं। यदि पहला नॉमिनी उपलब्ध नहीं होगा, तो अगला नॉमिनी क्लेम करेगा। इससे निपटारा और उत्तराधिकार की प्रक्रिया आसान और स्पष्ट होगी।




नए नियमों से आम ग्राहक को क्या मिलेगा

बैंकिंग कामकाज ज्यादा पारदर्शी और तेज होगा। आपके पैसे और लॉकर की सुरक्षा बढ़ेगी। नॉमिनेशन के नए नियमों से परिवार को क्लेम करने में आसानी होगी। पुराने नियमों को अपडेट किया गया है, जिससे बैंकिंग अनुभव बेहतर होगा।

### नॉमिनी का मतलब

नॉमिनी वह व्यक्ति होता है, जिसका नाम बैंक खाते, निवेश या बीमा में दर्ज होता है और संबंधित व्यक्ति के अचानक निधन पर वह निवेश राशि क्लेम करने का हकदार होता है। ध्यान दें, मृत्यु के बाद नॉमिनी राशि को तभी प्राप्त कर पाएगा, जब उसमें कोई विवाद न हो। यदि मृतक के उत्तराधिकारी मौजूद हों, तो वे अपने हक के लिए दावा कर सकते हैं। ऐसे मामलों में राशि या प्रॉपर्टी का बंटवारा सभी कानूनी वारिसों में समान रूप से होगा।

## लुधियाना में घर में ब्लास्ट, 10 लोग झुलसे:पटाखे फोड़ते वक्त पोटाश पर गिरी चिंगारी, धमाका हुआ; 5 बच्चे भी चपेट में आए



24 न्यूज अपडेट

पंजाब के लुधियाना में एक घर में रखे बारूद (पोटाश) में ब्लास्ट होने से करीब 10 लोग झुलस गए। इसकी चपेट में बाहर खेल रहे 4-5 बच्चे भी घायल हो गए। घर में ब्लास्ट होने से अंदर आग लग गई, जिससे वहां रखा सामान भी जलकर खाक हो गया। वहीं ब्लास्ट की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग भी घरों से बाहर निकल आए।

पुलिस जांच में सामने आया है कि घर के बाहर बच्चे पटाखे फोड़ रहे थे। उसकी चिंगारी घर में रखे बारूद तक चली गई, जिससे हादसा हुआ। मकान मालिक उस्मान खान रावण के पुतले बनाता था। इसके लिए ही घर में बारूद रखा था।

सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर हालात पर काबू पाया। वहीं झुलसे लोगों को पड़ोसियों ने अस्पताल में भर्ती कराया है। घर में उस समय 2-3 बच्चे सहित 3 लोग मौजूद थे।

रावण के पुतले बनाता है उस्मान: लुधियाना में चीमा चौक के पास इंदिरा कॉलोनी उस्मान खान नाम के एक व्यक्ति का भी घर है। वह दशहरे में रावण के पुतले बनाता है। इसे लेकर घर में बारूद और पटाखे भी रखता है। गुरुवार दोपहर के समय कॉलोनी में कुछ बच्चे पटाखे जला रहे थे। पटाखे जलाते-जलाते बच्चे उस्मान के घर के पास तक आ गए।

घर में अंदर रखा था पोटाश (बारूद): पड़ोसियों का कहना है कि पटाखे जलाते समय चिंगारी उस्मान के घर के अंदर चली गई। अंदर रखे पोटाश में चिंगारी लगने से ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट से घर में रखे कपड़े और घरेलू सामान जल गया। उस समय घर में कुछ कीमती सामान नहीं था।

घर से झुलसते हुए भागे बच्चे: प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हादसे के समय घर में उस्मान के 3 बच्चे मौजूद थे। धमाका होते ही तीनों घर से बाहर की ओर दौड़ पड़े। इसके बाद आसपास रहने वाले लोगों ने सभी को अस्पताल में भर्ती कराया। उस समय घर में और कोई मौजूद नहीं था।

बाहर खड़े बच्चे भी चपेट में आए: पटाखों में ब्लास्ट होने से पड़ोस में रहने वाले 2 बच्चे भी झुलस गए। पड़ोसी उषा देवी का कहना है कि उनका बेटा घर की ऊपरी मंजिल में था। हादसा होने से वो भी जल गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घर के बाहर खड़े अन्य 4-5 लोग भी झुलस गए।

## नाथद्वारा तहसील कार्यालय में आग, 1991 की फाइलें और जाति प्रमाण पत्र जलकर खाक




24 न्यूज अपडेट

राजसमंद. नाथद्वारा तहसील कार्यालय में गुरुवार दोपहर अचानक आग लग गई। इस हादसे में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर नष्ट हो गए। जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब तीन बजे तहसील परिसर के पीछे स्थित रिकॉर्ड रूम में अचानक आग लगी। कमरे से उठते धुएं को देखकर एक कर्मचारी मौके पर पहुंचा और फायर ब्रिगेड को तुरंत सूचना दी।

### फायर ब्रिगेड ने तुरंत काबू पाया

सूचना मिलते ही नगर पालिका की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। फायर फाइटर्स ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। नायब तहसीलदार हस्तीमल महात्मा ने कहा कि त्वरित सूचना और फायर ब्रिगेड की तत्परता से बड़ा नुकसान होने से बच गया। आग में 1991 की फाइलें, जाति प्रमाण पत्र और अन्य रिकॉर्ड जलकर नष्ट हो गए। प्रशासन ने नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है और आग लगने के कारणों की जांच भी शुरू कर दी गई है।

## पंजाबी युवक ने अमेरिका में नशे में ट्रक दौड़ाया :कई गाड़ियों को टक्कर मारी, 3 की मौत



24 न्यूज अपडेट

अमेरिका के कैलिफोर्निया में पंजाब के ट्रक ड्राइवर ने करीब 10 वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा 22 अक्टूबर को हुआ। इसका वीडियो गुरुवार को सामने आया है। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान 21 साल के जशनप्रीत सिंह के रूप में हुई है। हालांकि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि वह पंजाब में कहां का रहने वाला है। अमेरिकी पुलिस का कहना है कि सामने ट्रैफिक जाम होने के बावजूद जशनप्रीत ने ब्रेक नहीं लगाए, क्योंकि वह नशे में धुत था। उसे सैन बर्नार्डिनो काउंटी शेरिफ विभाग की हिरासत में रखा गया है और उससे पूछताछ जारी है। जानकारी के मुताबिक जशनप्रीत अवैध रूप से अमेरिका में रह रहा है।

## सीनियर सिटीजन के लिए BSNL का सस्ता प्लान लॉन्च:1812 में एक साल वैलिडिटी, अनलिमिटेड फ्री कॉलिंग के साथ 2GB डेली डेटा मिलेगा




24 न्यूज अपडेट

सरकारी कंपनी BSNL ने सीनियर सिटीजन के लिए सस्ता एनुअल प्लान लॉन्च किया है। इस प्लान में 1812 रुपए में एक साल की वैलिडिटी, अनलिमिटेड कॉलिंग और हर दिन 2GB इंटरनेट डेटा मिलेगा। ये प्लान 60 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए है।

इस प्लान में कंपनी की ओर से फ्री सिम कार्ड भी दिया जाएगा। 6 महीने का BiTV सब्सक्रिप्शन भी फ्री मिलेगा। BSNL सम्मान प्लान सीमित समय के लिए लाया गया है। यह 365 दिन वाला मोबाइल प्लान फिलहाल 18 नवंबर तक ही खरीदा जा सकता है। BSNL के 25 साल पूरे होने पर कंपनी ने 27 सितंबर को 4G सर्विस लॉन्च की थी। वहीं पूरे देश में BSNL 4G सर्विस रोलआउट करते हुए और 92,600 नए मोबाइल टावर जारी करते हुए कंपनी पहले ही खराब नेटवर्क और नो सिग्नल की समस्या को काफी हद तक कम कर चुकी है।

## RBI का गोल्ड रिजर्व 8.80 लाख किलो के पार:इसकी वैल्यू 8.4 लाख करोड़; 2025-26 के पहले 6 महीने में 600 किलो खरीदा



24 न्यूज अपडेट

भारतीय रिजर्व बैंक के पास सोने का भंडार 2025-26 के पहले छह महीनों (अप्रैल-सितंबर) में 880.18 मीट्रिक टन (8,80,180 kg) के पार हो गया है। 2024-25 के आखिर में यह 879.58 मीट्रिक टन था। 26 सितंबर तक सोने की कुल कीमत 95 बिलियन डॉलर (8.4 लाख करोड़ रुपए) थी। यह जानकारी RBI की लेटेस्ट रिपोर्ट में सामने आई है।

सितंबर तक के छह महीनों में RBI ने अपने स्टॉक में 0.6 मीट्रिक टन (600 किलो) सोना जोड़ा। सितंबर में 0.2 मीट्रिक टन (200 किलो) और जून में 0.4 मीट्रिक टन (400 किलो) सोना खरीदा गया। 2024-25 में RBI ने 54.13 मीट्रिक टन सोना अपने खजाने में जोड़ा था।

## डे-हाई से 750 अंक गिरकर बंद हुआ बाजार:सेंसेक्स 130 अंक ऊपर 84,556 पर बंद; IT और बैंकिंग शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही




24 न्यूज अपडेट

सेंसेक्स आज 23 अक्टूबर को सेंसेक्स 130 अंक चढ़कर 84,556 पर बंद हुआ। निफ्टी में 23 अंक की तेजी रही, ये 25,891 के स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही इंडेक्स अपने ऑलटाइम हाई के करीब पहुंच गए। हालांकि डे-हाई से सेंसेक्स करीब 750 अंक नीचे आ गया।

सेंसेक्स ने 27 सितंबर 2024 को 85,478 और निफ्टी ने 26,277 का ऑलटाइम हाई बनाया था। आज के कारोबार में IT और बैंकिंग शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली।

## संपादकीय : राहत का संदेश

करीब एक महीने पहले जब अमेरिका ने आप्रवासन नीति में एक बड़ा बदलाव करते हुए एच1बी वीजा और उसके लिए शुल्क में भारी फेरबदल कर दिया था, तभी से जमीनी स्तर पर उसके असर और खुद अमेरिका को प्रकारांतर से उससे होने वाले नुकसानों को लेकर आशंकाएं जताई जाने लगी थीं। हालांकि तब भी यह उम्मीद की गई थी कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बीते कुछ समय से अमेरिका के हित के नाम पर जिस तरह के फैसले कर रहे हैं उसमें संभव है कि एच1बी वीजा के संबंध में घोषित नए नियमों की जटिलता और उसके व्यापक असर को देखते हुए फिर किसी बदलाव की गुंजाइश बने जब एच1बी वीजा के लिए एक लाख डालर शुल्क लगाने की घोषणा हुई, तो उस पर खासा विवाद शुरू हो गया और इस फैसले के लिए दुनिया भर में ट्रंप की आलोचना होने लगी, तब इस फैसले में बदलाव करके कुछ राहत दी गई कि नया शुल्क नए आवेदकों के लिए होगा। यह वहां वर्षों या दशकों से रह रहे अन्य देशों के प्रवासियों लिए थोड़ी राहत की बात थी, लेकिन इसे लेकर कई आशंकाएं बनी रहीं कि आने वाले दिनों में इसका व्यवहार में कैसा असर पड़ेगा। एक समस्या यह भी खड़ी हुई थी कि शुल्क की घोषणा तो कर दी गई, लेकिन उसमें किसी तरह की छूट आदि के बारे में स्पष्ट नहीं किया गया था। यही वजह थी कि इस नए नियम से प्रभावित होने वाले लोगों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। अब ट्रंप प्रशासन ने इस संबंध में कुछ बिंदुओं को स्पष्ट किया है कि किन्हें यह शुल्क देना होगा, उसे चुकाने की प्रक्रिया क्या होगी और इसमें छूट के लिए आवेदन कैसे किए जा सकेंगे। अमेरिकी नागरिकता तथा आव्रजन सेवा यानी यूएससीआइएस की ओर जारी नए दिशानिर्देशों के तहत यह शुल्क सभी आवेदकों को नहीं देना होगा। जिन आवेदकों ने अपनी स्थिति में बदलाव कराने या अमेरिका में प्रवास या अपनी वीजा अवधि बढ़वाने का आवेदन किया है, उन्हें भी यह अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा। इस आदेश में एच1बी वीजा धारक के अमेरिका में आने-जाने पर प्रतिबंध नहीं है। इसका व्यवहार में असर इस रूप में सामने आएगा कि अगर कोई आवेदक किसी दूसरे वीजा, मसलन अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए एफा वीजा, अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए एलवीजा पर अमेरिका में दाखिल होता है और वहीं रहते हुए एच। वीजा हासिल करता है, तो उसे नया अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। इस नई घोषणा के बाद वहां एच1बी वीजा के दायरे में आने वाले एक बड़े वर्ग और खासतौर पर भारत से वहां गए लोगों के बीच काफी राहत महसूस की जा रही है। गौरतलब है कि इस वीजा के लिए सबसे ज्यादा भारत के ही लोग आवेदन करते हैं। पिछले वर्ष कुल स्वीकृत एचावी वीजाधारकों में से सत्तर फीसद भारतीय मूल के कर्मचारी थे। यों भी, भारत से अमेरिका जाने वाले पेशेवरों की संख्या अन्य देशों के लोगों के मुकाबले ज्यादा है। दरअसल, यह समूचा विवाद अमेरिका में अन्य देशों से पहुंचे पेशेवरों से जुड़ा मसला है, जो स्थानीयता और अमेरिकियों के बीच अवसरों के मुद्दे से जोड़ दिया गया है। मगर समय के साथ खुली अर्थव्यवस्था के एक ढांचे के रूप में विकसित होती दुनिया में अमेरिका को उदार रुख अपनाते हुए एक ठोस नीति तक पहुंचना चाहिए सिर्फ बहरी माने जाने वाले लोगों पर शिकंजा कस कर या उन्हें बाहर करने का अभियान चला कर वह अमेरिकियों का भला नहीं कर सकता।

## स्वच्छता का सवाल

यह विचित्र विडंबना है कि एक ओर सरकार पिछले कई वर्षों से स्वच्छता अभियान और हर जरूरी जगहों पर शौचालय की उपलब्धता के लिए विशेष कार्यक्रम चला रही है, इसमें बड़ी कामयाबी मिलने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन हकीकत इससे अलग है। हाल ही में देश भर की अदालतों में शौचालयों की दशा पर उच्चतम न्यायालय में वस्तुस्थिति रपट दाखिल की गई। रपट के मुताबिक, इन अदालत परिसरों में शौचालयों की लगातार अस्वच्छ स्थिति वहां के सभी उपयोगकर्ताओं के मैलिक और सम्मान के अधिकारों का उल्लंघन है। रपट में कहा गया है कि यह सीधे तौर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता सुनिश्चित करने में नाकामी है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब अदालत परिसरों की यह स्थिति है, तो बाकी जगहों पर क्या दशा होगी। निश्चित रूप से अदालत परिसरों की यह तस्वीर अफसोसनाक है, लेकिन यह केवल यहीं तक सीमित नहीं है। यह भी देखने की जरूरत है कि क्या हर जरूरी जगह पर ऐसे स्वच्छ सार्वजनिक शौचलय मौजूद है, जिसका उपयोग करने में किसी को हिचक न हो। सच यह है कि स्वच्छता अभियान के एक दशक बाद भी कई जगहों पर सार्वजनिक शौचालयों की कमी दिखती है। जिन जगहों पर शौचालय बनाए भी गए हैं, तो कई बार वहां की गंदगी देख कर लोग उनका इस्तेमाल नहीं करते। लंबी दूरी वाले मार्गों पर बहुत कम जगहों पर यह सुविधा है। हालत यह है कि जिन पेट्रोल पंपों पर शौचालय की सुविधा है, वहां केवल तेल लेने आए वाहनों में बैठे लोगों को ही उसके उपयोग की इजाजत दी जाती है। आम लोगों को कई बार मना कर दिया जाता है। यह निराशाजनक है कि खुले में शौच मुक्त वातावरण देने का वादा करने और इसके लिए अभियान चलाने वाली सरकार ने शौचालय बनाने के दावे तोकिए, लेकिन उनकी साफ-सफाई के मानक नहीं तय किए। नतीजा यह कि इसकी समावेशी उपयोगिता का उद्देश्य ही हाशिये पर चला गया। दो साल पहले हुए एक सर्वेक्षण में कई लोगों ने माना था कि इन शौचालयों की दशा में कोई सुधार नहीं दिखता। सवाल है कि क्या केवल स्वच्छता का नारा देने भर से इसके उद्देश्य को हासिल किया जा सकेगा ?

# दीपोत्सव के समापन पर सजी अन्नकूट की झांकी, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। माता महालक्ष्मी मंदिर में गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। खेखरे के दिन सुबह से महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में गोवर्धन पूजा करती हुई नजर आईं, वहीं शाम होते ही मंदिर परिसर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। शाम करीब 5:30 बजे अन्नकूट आरती के साथ मंदिर के पट दर्शनार्थियों के लिए खोले गए। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहले से मंदिर के बाहर पंक्तिबद्ध होकर प्रतीक्षा कर रहे थे। आरती के साथ ही माता महालक्ष्मी के समक्ष सजे अन्नकूट के अलौकिक दर्शन ने भक्तों के मन को भक्ति भाव से भर दिया। इस अवसर पर मंदिर में पांच दिवसीय दीपोत्सव का समापन भी हुआ। सुबह 4 बजे से ही खेखरे के दर्शन प्रारंभ हुए, जिनमें सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। इसके बाद अन्नकूट की तैयारी के चलते कुछ समय के लिए दर्शन बंद रहे। मंदिर में विविध प्रकार के पकवानों से सजे अन्नकूट को माता महालक्ष्मी को अर्पित किया गया। भोग के उपरांत विशेष आरती का आयोजन हुआ, जिसमें पूरे मंदिर परिसर में महालक्ष्मी के जयकारों की गूंज छा गई।

अन्नकूट की विशेष आरती श्रीमाली जाति संपत्ति व्यवस्था ट्रस्ट के सचिव मधुसूदन बोहरा द्वारा संपन्न की गई। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष भगवतीलाल दशोत्तर, मधुसूदन बोहरा, जतिन श्रीमाली, हेमेंद्र लाला, दिनेश लटावत, डॉ. देवेंद्र श्रीमाली, जयेश श्रीमाली, राजेंद्र ओझा, भूपेंद्र श्रीमाली, जमनालाल ओझा, कुलदीप श्रीमाली सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# श्री विश्वकर्मा मंदिर में छप्पन भोग और महाआरती के साथ मनाया नूतन वर्ष



24 न्यूज अपडेट

बड़ोदिया। दीपावली के उपलक्ष्य में कस्बे के श्री विश्वकर्मा मंदिर परिसर में नूतन वर्ष उत्सव बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह भगवान श्री विश्वकर्मा को छप्पन भोग अर्पित किया गया, वहीं शाम को भव्य महाआरती और सामूहिक आतिशबाजी ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

नूतन वर्ष के उपलक्ष्य में मंदिर में त्रिनेत्रधारी भगवान श्री विश्वकर्मा, वेदमाता गायत्री, विघ्नहर्ता श्री गणेश, शिव परिवार एवं हनुमानजी की प्रतिमाओं का आकर्षक श्रृंगार किया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा।

इस अवसर पर श्री विश्वकर्मा मंदिर विकास कार्यों की समीक्षा की गई। समाज के श्रेष्ठ भामाशाह के रूप में सुरेशचंद्र भूराजी सुथार का सम्मान समाज अध्यक्ष लीलाराम शर्मा एवं प्रेमशंकर सुथार ने उपरणा एवं पगड़ी पहना कर किया।

कार्यक्रम का संचालन भूपेश सुथार ने किया। इस अवसर पर हीरालाल सुथार, मनोहरलाल, प्रवीण, चंद्रमोहन, रमेश, जगदीश, किशोर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। शाम को भक्तिमय संगीत, दीपों की रोशनी और आतिशबाजी से मंदिर परिसर देर रात तक श्रद्धा और आनंद के माहौल में सराबोर रहा।

# दीपावली के पंचमहापर्व पर
## प्रभु द्वारकाधीश जी के दर्शन को पहुँचे डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़



24 न्यूज अपडेट

मेवाड़ पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ दीपावली के पंचदिवसीय महापर्व के पावन अवसर पर कांकरोली स्थित प्रभु श्री द्वारकाधीश और मेदपाट कुलगुरु गोस्वामी डॉ. वागीशकुमारजी महाराजश्री से आशीर्वाद लेने पहुँचे।

डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ गद्दी पर बैठने के बाद, पहली दीपावली होने व प्राचीन परम्परा के निर्वहन हेतु कांकरोली पहुँचे। जहां मंदिर परम्परा अनुसार तृतीयपीठ युवराज गोस्वामी वेदांत कुमार जी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ की अगुवानी की। मंदिर के गोवर्धन चैक में मंदिर बैण्ड की सुमधुर ध्वनी के बीच श्री द्वारकाधीश मंदिर के सुरक्षा गाड्र्स की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। गोवर्धन चैक से बैठक स्थल पहुँच डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कुलगुरु गोस्वामी डॉ. वागीशकुमारजी महाराजश्री को दण्डवत प्रणाम कर आशीर्वाद लिया।

कुलगुरु के साथ मंदिर पहुँच प्रभु श्री द्वारकाधीश जी के राजभोग झांकी के दर्शन कर सभी मुख्य मंदिरों में धोक लगा भेंट अर्पण किये और बृजेश कुमार हॉल पहुँच मेवाड़ी परम्परानुसार कुलगुरु गोस्वामी परिवार का पुष्पमाला, वस्त्र, मिष्ठान, फल, मेवे आदि दक्षिणा भेंटकर आशीर्वाद लिया। मंदिर परम्परा अनुसार महाराजश्री ने मेवाड़ को रजाई ओढ़ाकर समाधान किया और युवराज गोस्वामी वेदांत कुमार जी और युवराज सिद्धांत कुमार जी ने पान बीड़ा व प्रसाद भेंट किया।

# पूर्व उपराष्ट्रपति स्व. शेखावत की जयंती पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा। भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति एवं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भैरोंसिंह शेखावत की जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को शेखावत सर्कल पर श्रद्धांजलि एवं माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शेखावत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक कृपलानी ने कहा कि भैरोंसिंह शेखावत जी ने राजस्थान की राजनीति में विकास, सुशासन और जनसेवा की एक अमिट छाप छोड़ी है। उनका जीवन प्रेरणा, समर्पण और ईमानदारी का प्रतीक रहा है। उन्होंने राज्य के विकास को नई दिशा दी और जनता के कल्याण के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए।

इस अवसर पर जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, वरिष्ठ नेता पारस पारख, डॉ. जे.एम.जैन, चंद्रमोहन गुप्ता, मोतीलाल आहूजा, विरेश चपलोत, उमेश तोतला, प्रकाश धींग, गोविंद सोनी, नानालाल भूतड़ा, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बुनकर, ग्रामीण मण्डल महामंत्री राजेश धाकड़, जिला मंत्री शौकीन चपलोत, पारस विरवाल, जिला प्रवक्ता मानवेन्द्र सिंह चौहान, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक गजेंद्र नवलखा, जिला उद्योग प्रकोष्ठ सह संयोजक विशाल सोनी, आर्थिक प्रकोष्ठ के गुणवंत शर्मा, नगर उपाध्यक्ष गोपाल पंचौली, लक्की आहूजा, पुष्कर सोनी, नरेश आमेटा, कुलदीप सिंह राठौड़, नगर प्रवक्ता सुनील चाष्टा, नगर मंत्री रतन वैष्णव, शिवदयाल कुमावत, कैलाश सेन, ओमप्रकाश नाथ, निवर्तमान पार्षद अतुल सोनी, सोशल मीडिया जिला सह संयोजक दीपक अग्रवाल, भाजयुमो नगर महामंत्री डॉ. आशीष टांक, रामनिवास जाट, अजय नागदा, सत्यप्रकाश मेनारिया, राजू गौड़, गणपत गवारिया, अशोक मालवीय, पूरनमल पूर्बिया, संजय सुराणा, नंदकिशोर मेनारिया, चीनी सोनी, दुर्गेश मराठा, दीपक सोलंकी आदि सहित नगर के जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं नागरिकगणों ने उपस्थित रहकर स्व. भैरोंसिंह शेखावत की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# शिव शंकर गौशाला में गोवर्धन पूजन कर अन्नकूट का आयोजन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शिव शंकर गौशाला में गोवर्धन पूजा व अन्नकूट का आयोजन किया गया। मिडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि गौशाला में गायों के गोबर से गोवर्धन जी बनाएं गये। फुल , मक्की, पत्तियों से श्रंगार किया गया। पण्डित विनोद शर्मा ने विधी विधान से फुल ,माला, गन्ने, मिष्ठान अर्पित कर पूजा अर्चना की।सुख शांति व विश्व कल्याण की प्रार्थना की गई और गायों की पुजा अर्चना कर गोर्वधन जी से गौ माता को गुजारा गया। गायों के गोबर से विशाल गोर्वधन पर्वत कर फुल, पत्तियों, दीपक से सजाया गया। गोर्वधन पर्वत के चारों ओर की 56 भोग धराया गया। अन्नकूट आयोजन किया गया। सभी गौ भक्तो ने गोर्वधन पर्वत की पांच परिक्रमा कर गौ संवर्धन का संकल्प लिया गया, आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। गौभक्तों ने गायों को गुड़,दलीया, रोटीयां व हरी घास खिलाई । सचिव शालीनी राजावत ने बताया कि कार्यक्रम में गिरवर लाल चौधरी, देवाराम राजपुरोहित, नरेश पूर्बिया, जितेंद्र सिंह, गणेश लाल डांगी,राम कन्हैया चौधरी, देवी लाल डाबरिया, गिरिजा कुंवर,शालीनी राजावत, मंजू चौधरी, मधुबाला पूर्बिया, उर्मिला अग्रवाल, सुशीला डाबरिया,शीखा,मीत,राही राजावत सहित कई गौ भक्त उपस्थित थे।

# महावीर इंटरनेशनल उदयपुर द्वारा अक्टूबर माह में किए कई सेवा कार्य, जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री एवं वस्त्र वितरण किए



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 23 अक्टूबर। महावीर के सिद्धांत "सबको प्यार, सबकी सेवा" तथा "जियो और जीने दो" को आत्मसात करते हुए महावीर इंटरनेशनल, जो देश की शीर्ष प्रतिष्ठित गैर सरकारी संस्थाओं में से एक है, समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत है। संस्था का उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को सहायता प्रदान करना, वृक्षारोपण करना, पशु-पक्षियों को आहार देना, तथा निःशुल्क चिकित्सा व रक्तदान शिविर आयोजित करना है। इसी क्रम में महावीर इंटरनेशनल उदयपुर महाराणा भूपाल सामान्य चिकित्सालय एवं बाल एवं जनाना चिकित्सालय में अपनी अमूल्य सेवाएँ पिछले 40 वर्ष से दे रहा है। इसी तरह बड़ी के उच्च माध्यमिक विद्यालय में बच्चों के माध्यम से 55 पौधों का पौधरोपण किया गया। अक्टूबर माह में नागेश ज्ञान केंद्र के सहयोग से लगभग 200 यूनिट रक्तदान का एक कीर्तिमान स्थापित किया गया। माह अक्टूबर 2025 के दौरान केन्द्र द्वारा विविध सेवा कार्यों के अंतर्गत जरूरतमंदों को 30 थालियाँ, 200 चम्मच, 150 कटोरियाँ, 150 गिलास, 200 पेटीकोट, 100 स्वेटर, 225 बेबी किट, 100 बेबी कंबल तथा 650 बिस्कुट पैकेट वितरित किए गए। इसके साथ ही बाल एवं जनाना चिकित्सालय में नवजात शिशुओं, उनकी माताओं एवं छोटे बच्चों को आवश्यक बर्तन, वस्त्र व खाद्य सामग्री निःशुल्क प्रदान की गई। दिव्य मदर मिल्क बैंक, सामान्य चिकित्सालय में नवजात शिशुओं की माताओं को जो अपना दूध दान करती है उन्हें प्रतिदिन फलों का निःशुल्क वितरण किया जाता है। इसी प्रकार, जरूरतमंद मरीजों व उनके परिजनों के लिए प्रतिदिन निशुल्क भोजन वितरण किया जाता है। इस सेवा में सहयोग के लिए संस्था सदस्य वीर दौलत सिंह भंसाली रोगियों को दलिया वितरण का कार्य किया जा रहा है इसके अतिरिक्त, गरीब मरीजों के साथ आने वाले 220 जरूरतमंद परिजनों के लिए मीठा भोजन वितरण के लिए संस्था सदस्य वीर सुरेश सिसोदिया के द्वारा मानव सेवा संस्था कराया गया। इन सतत सेवाओं के माध्यम से महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केन्द्र ने समाजसेवा के क्षेत्र में अपने अमूल्य योगदान से "सेवा ही धर्म है" के संदेश को सार्थक किया है। संस्था के केन्द्र अध्यक्ष वीर रविन्द्र सुराणा, सचिव वीर सुरेश चंद्र बड़ीवाल एवं कोषाध्यक्ष वीर सीए अशोक खुर्दिया वीरा स्वराज जैन वीरा कृष्णा भंडारी के अमूल्य व सतत सहयोग से यह सभी सेवा कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए।

# श्री जैन दिवाकर कमल गौशाला में गौसेवा कर सम्पन्न हुई गोवर्धन पूजा



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा। वसुंधरा विहार, बडौली रोड स्थित श्री जैन दिवाकर कमल गौशाला में दीपोत्सव पर्व एवं पावन गोवर्धन पूजा के अवसर पर गौशाला संचालन समिति द्वारा श्रद्धा और उत्साहपूर्वक गौसेवा एवं पूजन कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

इस अवसर पर विशाल आशीष युवराज खींची, किशन एवं आदित्य पहाड़िया मित्र मंडल द्वारा एक टेंपो हरा चारा गायों को खिलाकर जीव दया एवं गौसेवा का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में गौशाला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अशोक नवलखा, मंत्री अजीत जैन, कोषाध्यक्ष अनिल पगारिया, राजेश गांधी, चंद्रेश नवलखा, विनोद नागौरी, रत्नेश छाजेड़, निलेश खेरोदिया, डॉ. आशीष टांक, अंतरिक्ष साहू, संजय सुराणा, पूर्व पार्षद वंदना जैन सहित अनेक सदस्यगण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। गौशाला परिसर में दीप प्रज्वलन, पूजा-अर्चना एवं गौसेवा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# 3 साल की बच्ची से रेप का आरोपी निकला पोर्न वीडियो देखने का आदी



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जोधपुर। पोर्न का आदी आरोपी पकड़ा, बनियान पर बच्ची का खून। बिलाड़ा। 3 साल की बच्ची पर सनसनीखेज वारदात। आरोपी ने सुबह घर के बाहर खेल रही मासूम को कुरकुरे दिलाने का लालच देकर बाइक पर बिठा लिया। सुनसान जगह ले जाकर रेप किया। खून से लथपथ बच्ची को घर के बाहर छोड़कर भागा। पुलिस ने 3 घंटे बाद पाली से धर दबोचा। जांच में पता चला आरोपी पोर्न का आदी है। रोज 15-15 वीडियो देखता था। वारदात से पहले भी उत्तेजित हुआ। भागते समय दोस्त को बाइक थमा दी। खुद कार से भरतपुर रवाना होने वाला था। पाली सदर थाने के एएसआई राजेंद्र सीरवी ने बताया एसपी आदर्श सिंधु के अलर्ट पर पाल टोल प्लाजा पर नाकाबंदी की। कॉन्स्टेबल ज्ञानचंद के साथ 2 घंटे वाहन चेक किए। जाडन से तेज बाइक आई। रुकने का इशारा किया लेकिन न रुका। 1 किमी पीछा कर रोकी। आरोपी ने दोस्त को फोन कर बाइक ले जाने को कहा। पुलिस ने दोस्त को वहीं रोकने के आदेश दिए। आरोपी को जीप में बिठाकर हाईवे ले गए। DPS स्कूल के पास कार खड़ी मिली। तलाशी में आरोपी पकड़ा गया। बनियान पर बच्ची का खून लगा था। सिम फेंक रखी थी। जोधपुर पुलिस ने शाम को आरोपी ले लिया। बच्ची की हालत गंभीर। एमके हॉस्पिटल में वेंटिलेटर पर। परिवार सदमे में। एएसपी भोपाल सिंह लखावत ने कहा सख्त कार्रवाई होगी।

# झाड़ोल पुलिस की कार्यवाही: एक साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर | थाना झाड़ोल: पुलिस महानिरीक्षक, उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव द्वारा वांछित अपराधियों एवं स्थायी वारंटियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन सुदर्शन चक्र" के तहत झाड़ोल पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल (खेरवाड़ा) एवं वृताधिकारी झाड़ोल नेत्रपाल सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी फेलीराम मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने एक वर्ष से फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है।

## आरोपी एक साल से था फरार

पुलिस के अनुसार, आरोपी वरदीचंद पुत्र चेनाराम निवासी छाली, गोगुंदा (उदयपुर) एक्सीडेंट के एक मामले में बीते एक वर्ष से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने आसूचना एवं तकनीकी निगरानी के माध्यम से उसे दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

**पुलिस टीम**

फेलीराम मीणा, थानाधिकारी झाड़ोल ओमप्रकाश, कांस्टेबल 1173 भूराराम, कांस्टेबल 3073 लक्ष्मीलाल, कांस्टेबल 3043 सुखदेव, कांस्टेबल 2218 झाड़ोल पुलिस ने बताया कि फरार अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत ऐसी कार्यवाहियां आगे भी लगातार जारी रहेंगी।

# रात में घर में घुसकर मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, झाड़ोल। उदयपुर: पुलिस थाना झाड़ोल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए घर में घुसकर मारपीट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। 03 अगस्त 2025 की रात करीब 11-12 बजे, पीड़ित श्री नारिया उर्फ नारु (पिता: समना) के घर में उनके परिवार के साथ सो रहे थे। इसी दौरान उनके लड़के बाबुलाल (पिता: नारिया, निवासी भीलवाडा) हाथ में लाठ लेकर गाली-गलौज करते हुए घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गया। उसने परिवार के सदस्यों पर हमला किया, जिसमें पीड़ित के सिर, आंख, नाक, हाथ, पीठ और पैरों पर चोटें आईं। आरोपी घटना के बाद फरार हो गया। इस रिपोर्ट के आधार पर अनुसंधान शुरू किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक, उदयपुर योगेश गोयल के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल (खेरवाड़ा) और वृताधिकारी झाड़ोल नेत्रपाल सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी फेलीराम मीणा के नेतृत्व में टीम ने आसूचना और तकनीकी सहयोग के माध्यम से आरोपी बाबुलाल को दिनांक 22 अक्टूबर 2025 को डिटेन किया। पुलिस जांच में आरोपी के खिलाफ धारा 127(2), 115(2), 331(6), 117(2) बीएनएस 2023 के तहत अपराध प्रमाणित पाया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

**पुलिस टीम**

फेलीराम मीणा, थानाधिकारी झाड़ोल जगदीश कुमार, स.उ.नि. सुभाषचंद्र, कांस्टेबल 3124 बालकृष्ण, कांस्टेबल 3196 ओमप्रकाश, कांस्टेबल 1173 जितेन्द्र गवारिया, कांस्टेबल 3359

# बडगांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 10 साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। पुलिस थाना बडगांव ने विशेष अभियान "ऑपरेशन सुदर्शन चक" के तहत 10 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंट धारक को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिरीक्षक, उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव के दिशा-निर्देश और जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा और पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द बोरीवाल के सुपरविजन में थानाधिकारी पूरण सिंह राजपुरोहित की टीम ने तकनीकी एवं आसूचना सहयोग से दिनांक 22 अक्टूबर 2025 को राजेन्द्र सिंह (पिता: प्रताप सिंह, निवासी चिकलवास, थाना बडगांव) को गिरफ्तार किया। राजेन्द्र सिंह पर माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश एन.आई. एक्ट नं. 04, उदयपुर के मुकदमा संख्या 3764/16 में स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी था। आरोपी करीब 10 वर्षों से न्यायालय के पांच वारंटों में फरार चल रहा था। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया और न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

**पुलिस टीम**

पूरण सिंह राजपुरोहित, थानाधिकारी बडगांव, सुरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल, रिंकेश, कांस्टेबल, सवाई सिंह, कांस्टेबल प्रमोद कुमार, कांस्टेबल लोकेश रायकवाल, कांस्टेबल (साईबर सैल)

# पंजाब से दबोचा गया मुख्य हत्यारा; 50 पुलिसकर्मियों ने 600 किमी के CCTV खंगाले, लूटी गई ऑल्टो कार बरामद



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 24 अक्टूबर। मोहनगढ़ हल्का क्षेत्र में एक व्यापारी और उसके मुनीम की सनसनीखेज दोहरी हत्या के मामले में जैसलमेर जिला पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने गहन तकनीकी और फील्ड इंटेलिजेंस के आधार पर कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी शिवहरे ने बताया कि 20 अक्टूबर की रात अज्ञात आरोपियों ने व्यापारी मदनलाल सारस्वत और उनके मुनीम रेंवतराम की धारदार हथियार से गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। हत्यारे वारदात को अंजाम देने के बाद नकदी और व्यापारी की ऑल्टो कार लूटकर फरार हो गए थे। 21 अक्टूबर को व्यापारी के बेटे पंकज कुमार सारस्वत ने मोहनगढ़ थाने में इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसपी शिवहरे ने खुद संभाला मोर्चा मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अभिषेक शिवहरे तुरंत घटनास्थल पहुँचे और त्वरित अनुसंधान के लिए एक उच्च-स्तरीय एसआईटी का गठन किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार, सीओ नाचना गजेंद्र सिंह चंपावत, पोकरण सीओ भवानी सिंह और मोहनगढ़ थानाधिकारी नाथु सिंह को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। एफएसएल और डॉग स्क्वॉड टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। तीन राज्यों के 600 सीसीटीवी फुटेज खंगाले, दिन-रात की मेहनत लाई रंग इस पूरे ऑपरेशन में करीब 50 अधिकारियों और कर्मचारियों ने दिन-रात एक कर दिया। टीम ने राजस्थान, हरियाणा और पंजाब तक करीब 600 किलोमीटर के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी अनुसंधान और आसूचना संकलन के बेहतरीन तालमेल ने पुलिस को आरोपियों तक पहुंचने का रास्ता दिया।

पंजाब से दबोचा गया आरोपी एएसपी पोकरण के नेतृत्व में गठित टीम ने नाचना एसएचओ भूट्टाराम, फलसुण्ड एसएचओ अमराराम और टेक्निकल टीम प्रभारी भीमराव सिंह के बेहतर सामंजस्य से कई राज्यों में लगातार दबिशें दीं। इसी कार्रवाई के तहत घटना में शामिल एक आरोपी गुरप्रीतसिंह पुत्र बलजिन्द्रसिंह (29) को फरीद खेडा जिला मुक्तसर पंजाब से डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने गिरफ्तार मुल्जिम के कब्जे से लूटी गई ऑल्टो कार भी बरामद कर ली है। जैसलमेर पुलिस अब इस हत्याकांड में शामिल शेष आरोपियों की धरपकड़ के लिए सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# Operation Shutter Down : सरकारी योजनाओं में ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 3 करोड़ की संपत्ति जब्त



24 न्यूज अपडेट

जिला पुलिस ने 'ऑपरेशन शटरडाउन' के तहत अंतराज्यीय साइबर गिरोह का भंडाफोड़ किया है. गिरोह के सदस्य अपात्र लोगों के बैंक खाते एवं पहचान दस्तावेज खरीदकर उन्हें सरकारी योजनाओं का फर्जी लाभ पहुंचा रहे थे. गिरोह के लोगों द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं में बड़े पैमाने पर धांधली की जा रही थी.

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के मास्टरमाइंड सहित 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनसे छापेमारी के दौरान करीब 52 लाख 70 हजार नकद, 1 नोट गिनने की मशीन, 13 लग्जरी कारें, 16 मोटरसाइकल, 35 कंप्यूटर/लैपटॉप, 16 प्रिंटर, सैकड़ों सिम कार्ड, बायोमेट्रिक स्कैनर, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, हार्ड डिस्क, पहचान पत्र, खाता खोलने के फॉर्म, क्यूआर स्कैनर, सील और मोहरें बरामद की है. आरोपियों से बरामद संपत्ति का बाजार मूल्य करीब 3 करोड़ रुपए है. आरोपियों से 11 हजार से अधिक बैंक खातों का डेटा भी बरामद किया है. झालावाड़ के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि साइबर थाना क्षेत्र में एक गुप्त शिकायत प्राप्त हुई थी. इसमें बताया गया था कि कामखेड़ा क्षेत्र में आशिक नामक व्यक्ति सरकारी योजनाओं के मार्फत धोखाधड़ी कर रहा है. इसके बाद साइबर थाना पुलिस ने मनोहरथाना एवं दांगीपुरा जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में गहन जांच की. इसमें पता चला कि कुछ व्यक्ति अपात्र लोगों के बैंक खाते एवं पहचान दस्तावेज खरीदकर योजनाओं का फर्जी लाभ पहुंचा रहे हैं. जांच में आशिक अली, राजुलाल सैनी, परमानंद मीणा, महावीर पारेता, सुनील साहू के नाम सामने आए. गिरोह के तार मास्टरमाइंड दौसा के बांदीकुई निवासी रामावतार सैनी से सीधे जुड़े थे.

एसपी अमित कुमार ने बताया कि संदिग्ध बैंक खातों से सरकारी राशि जमा होने के बाद तत्काल निकाली जा रही थी. इसके बाद यह पाया गया कि साइबर फ्रॉड का कोई बड़ा नेटवर्क जिले में काम कर रहा है. एसपी ने बताया कि पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला कि एक ही मोबाइल नंबर से दर्जनों बैंक खाते जुड़े हुए थे. अल्प समय में सरकारी कोष से अनेक किस्तें जमा हो रही थी. जमा होते ही तत्काल नकदी निकाली जा रही थी.

# जयपुर में ATM से छेड़छाड़ कर रुपए चुराने वाली गैंग का पर्दाफाश, यूट्यूब से सीखा तरीका, चार गिरफ्तार, थार गाड़ी और औजार बरामद



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। जयपुर पुलिस ने ATM मशीनों से छेड़छाड़ कर रुपए चुराने वाली एक शातिर गैंग का गुरुवार शाम पर्दाफाश किया है। ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गैंग के मास्टरमाइंड सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से थार गाड़ी, ATM खोलने के औजार, मास्टर चाबी, दो मोबाइल फोन और 13 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं।

## अलवर के हैं सभी आरोपी


डीसीपी (नॉर्थ) करन शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में — अक्षय मीना उर्फ गुड्डू (19) पुत्र रूप सिंह मीना निवासी राजगढ़, अलवर (मास्टरमाइंड) ईशु मीना (19) पुत्र नरेन्द्र कुमार मीना निवासी राजगढ़, अलवर, हाल निवासी सदर अलवर चित्रांश मीना (21) पुत्र धर्मेंद्र कुमार मीना निवासी अरावली विहार, अलवर राहुल मीना (19) पुत्र हरफूल मीना निवासी मालाखेड़ा, अलवर, हाल निवासी अरावली विहार, अलवर शामिल हैं। सभी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

इस तरह करते थे वारदात SHO (ब्रह्मपुरी) राजेश गौतम के अनुसार, मास्टरमाइंड अक्षय मीना अपने साथी ईशु मीना के साथ थार जीप में ATM वाले इलाकों की रेकी करता था।

संभावित ATM को चिह्नित करने के बाद लोकेशन गैंग के बाकी सदस्यों को व्हॉट्सऐप के जरिए शेयर करता था।

गैंग मास्टर चाबी से ATM का कैश बॉक्स खोलकर छेड़छाड़ करती थी। बॉक्स से रुपए निकलने वाली जगह पर वे ATM के रंग की सनमाइका शीट या डबल टेप लगाकर उसे बंद कर देते थे। जब कोई ग्राहक रुपए निकालता, तो पैसे मशीन से तो निकलते थे, लेकिन शीट के कारण बाहर नहीं आते थे। ग्राहक मशीन को खराब समझकर चला जाता, जिसके बाद आरोपी बॉक्स खोलकर शीट हटाकर रुपए निकाल लेते थे। यूट्यूब से सीखा तरीका, छह वारदातें कबूल पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने यूट्यूब पर वीडियो देखकर यह तरीका सीखा, और अब तक छह ATM में वारदात करने की बात स्वीकार की है। आरोपी महंगे शौक और मौज-मस्ती के लिए अलवर से जयपुर आकर अपराध करते थे। पुलिस अब गैंग के नेटवर्क और अन्य संभावित वारदातों की जांच कर रही है।

# बदमाशों को पकड़ने गए पुलिसकर्मियों पर चाकूबाजी, दो कांस्टेबल गंभीर घायल




24 न्यूज अपडेट

कोटा : शहर में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं. बदमाशों ने आरकेपुरम थाना इलाके में पुलिसकर्मियों पर ही चाकूबाजी कर उन्हें घायल कर दिया है. पुलिसकर्मी अपराधियों को पकड़ने गए थे, जहां बदमाशों ने पुलिसकर्मियों पर ही हमला कर दिया. दोनों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. पुलिस जिन आरोपियों को पकड़ने गई थी, वह पहले से ही चाकूबाजी के मामले में फरार थे.

पुलिस उपअधीक्षक चतुर्थ मनीष शर्मा का कहना है कि पूरी घटना को वेरीफाई कर रहे हैं. इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी. कोटा शहर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी का कहना है कि घटनाक्रम में घायल दोनों कांस्टेबल का उपचार करवाया जा रहा है. घटना की सूचना पर पुलिस जाप्ता भी मौके पर पहुंच गया था. इस मामले में घायल कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह का कहना है कि दिवाली की रात थाना इलाके में चाकूबाजी की घटना हुई थी. इस मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था. इस मामले में कुछ बदमाशों को पुलिस ने पकड़ लिया था, जबकि शेष फरार चल रहे थे. मुखबिर से सूचना मिली थी कि विवेकानंद नगर इलाके में यह बदमाश घूम रहे हैं. ऐसे में वो कांस्टेबल गोविंदराम के साथ मौके पर पहुंचे तो बदमाश भागने लगे. उनका पीछा किया तो उन्होंने बाइक गिरा दी.

**चाकू से पुलिस पर हमला** : इसके बाद भाग कर बदमाशों का पीछा करते रहे. तब बदमाशों का और पुलिस का आमना-सामना हो गया. इस दौरान तीनों बदमाशों ने चाकू निकाल लिए और अलग-अलग चाकू से पुलिस पर हमला कर दिया है. घटना में कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह को कंधे और पेट पर चाकू से चोट लगी है. हड्डी में भी फैक्चर हो गया है. वहीं, गोविंदराम कांस्टेबल के दोनों हाथों में चाकू लगने से गंभीर चोट है. बदमाश मौके से कांस्टेबल गोविंदराम की बाइक को भी उठाकर लेकर गए थे, जिसे बाद में छोड़ कर चले गए.

# देशभर में रिकॉर्ड 12,000 स्पेशल ट्रेनों का संचालन - उत्तर पश्चिम रेलवे पर 106 स्पेशल ट्रेनें, 986 ट्रिप



उदयपुर। दीपावली, छठ पूजा एवं अन्य त्यौहारों के अवसर पर यात्रियों की सुविधा और सुगम आवागमन के लिए भारतीय रेलवे ने इस वर्ष अभूतपूर्व तैयारियां की हैं। रेलवे द्वारा देशभर में रिकॉर्ड 12,000 स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन विभिन्न गंतव्यों के लिए किया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर पश्चिम रेलवे क्षेत्र में भी त्यौहारों के दौरान बढ़ते यात्री भार को देखते हुए 106 स्पेशल ट्रेनों के 986 फेरों का संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 60 नियमित ट्रेनों में 175 अतिरिक्त डिब्बे अस्थायी रूप से जोड़े गए हैं, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा पर विशेष फोकस उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अमिताभ ने बताया कि त्यौहारों के दौरान रेलवे द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। बिहार, उत्तर प्रदेश तथा अन्य राज्यों के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्पेशल ट्रेनों के समय को यात्रियों की सुविधा अनुसार समायोजित किया गया है। प्रमुख स्टेशनों पर इन ट्रेनों के ठहराव समय में भी वृद्धि की गई है, जिससे अधिक से अधिक यात्री लाभान्वित हो सकें। यात्रियों को टिकट प्राप्त करने में परेशानी न हो, इसके लिए पर्याप्त टिकट काउंटर, एटीवीएम मशीनें एवं यूटीएस मोबाइल ऐप की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ऐप के माध्यम से टिकट लेने वाले यात्रियों की संख्या में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के सख्त इंतजाम उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री शशि किरण ने बताया कि प्रमुख स्टेशनों पर यात्री भार को देखते हुए भीड़ नियंत्रण हेतु विशेष प्रबंध किए गए हैं। प्लेटफार्म टिकट की बिक्री अस्थायी रूप से प्रतिबंधित की गई है। स्टेशन परिसरों में भीड़ नियंत्रण के लिए होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। अनारक्षित और आरक्षित यात्रियों के लिए अलग-अलग प्रवेश व्यवस्था लागू की गई है। साधारण श्रेणी कोचों के पास बैरिकेटिंग लगाकर नियंत्रित लाइन व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। यात्रियों की सहायता के लिए सहायता बूथ, घोषणा प्रणाली और सहायक टीमों की तैनाती की गई है। रेलवे के उच्च अधिकारियों द्वारा स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है। मुख्यालय और मंडल स्तर पर वार रूम स्थापित किए गए हैं, जो चौबीसों घंटे सक्रिय हैं। सुरक्षा की दृष्टि से रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के जवानों द्वारा प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया और पैदल पुलों पर गश्त बढ़ाई गई है। स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है तथा प्रवेश द्वारों पर स्कैनर मशीनों द्वारा यात्रियों के सामान की जांच की जा रही है। श्री शशि किरण ने बताया कि 1 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक उत्तर पश्चिम रेलवे पर 638 विशेष रेलसेवाओं का संचालन किया जा चुका है। साथ ही यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए 175 डिब्बों की अस्थायी वृद्धि की गई है।

### त्योहारों पर यात्रियों के लिए 24 अक्टूबर की प्रमुख स्पेशल ट्रेनें

त्योहारों के अवसर पर शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025 को उत्तर पश्चिम रेलवे की विभिन्न स्पेशल रेलसेवाएं इस प्रकार संचालित होंगी—

09639 मदार–रोहतक स्पेशल (प्रतिदिन) — 01.10.25 से 30.11.25 तक (61 ट्रिप)
09733 जयपुर–भिवानी एक्सप्रेस स्पेशल — 01.10.25 से 31.10.25 तक (31 ट्रिप)
09734 भिवानी–जयपुर एक्सप्रेस स्पेशल — 01.10.25 से 31.10.25 तक (31 ट्रिप)
04733 भिवानी–अजमेर अनारक्षित स्पेशल — 24 व 25 अक्टूबर (02 ट्रिप)
04734 अजमेर–भिवानी अनारक्षित स्पेशल — 24 व 25 अक्टूबर (02 ट्रिप)
09619 अजमेर–रांची साप्ताहिक स्पेशल — 26.09.25 से 28.11.25 तक (10 ट्रिप), प्रत्येक शुक्रवार
09617 दौराई–सुल्तानपुर साप्ताहिक स्पेशल — 03.10.25 से 28.11.25 तक (09 ट्रिप), प्रत्येक शुक्रवार
01412 सांगानेर–पुणे द्विसाप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल — 26.09.25 से 07.11.25 तक (13 ट्रिप), प्रत्येक शुक्रवार
09008 खातीपुरा (जयपुर)–वलसाड साप्ताहिक स्पेशल — 03.10.25 से 31.10.25 तक (05 ट्रिप), प्रत्येक शुक्रवार
09024 सांगानेर (जयपुर)–बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल — 03.10.25 से 28.11.25 तक (09 ट्रिप), प्रत्येक शुक्रवार
09727 जयपुर–डॉ. अम्बेडकर नगर साप्ताहिक स्पेशल — 17.10.25 से 31.10.25 तक (03 ट्रिप), प्रत्येक शुक्रवार
09702 ढेहर का बालाजी–पाटलिपुत्र अनारक्षित एकतरफा स्पेशल — 24.10.25 (शुक्रवार)
04837 जोधपुर–कोलकाता स्पेशल — 24.10.25 (शुक्रवार)

# उसूलों - सिद्धांतों की राजनीति करने वाले अजातशत्रु थे बाबोसा : डा चंद्रगुप्त सिंह चौहान




उदयपुर 23 अक्टूबर : शुचिता ,नैतिकता,लोक सेवा के प्रतीक भारत के पूर्व उप राष्ट्रपति ओर राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय भैरोसिंह शेखावत की जयंती पर भाजपा उदयपुर देहात के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि ओर माल्यार्पण अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष डा चंद्रगुप्त सिंह चौहान ने कहा कि उसूलों और सिद्धांतों की राजनीति करने वाले स्वर्गीय शेखावत जी ने सदैव पार्टी के मूल संस्कार राष्ट्र प्रथम के भाव को सर्वोच्च रखा यही कारण था कि जागीरदारी उन्मूलन और सती रूप कवर प्रकरण में वे उन्हें अपने ही समाज का विरोध झेलना पड़ा और पग पग पर अग्नि परीक्षाएं देनी पड़ी लेकिन वे अडिग रहे और राष्ट्र हित में उनके निर्णय एक राजनेता और उप राष्ट्रपति के रूप में भी रहे । डा चंद्रगुप्त सिंह चौहान ने कहा कि आज जो लोग राजनीति में जातिवाद,धन बल ,बाहु बल और शॉर्ट कट का सहारा लेते है वे कही न कही असफल होते है । राजनीति की पाठशाला के हरेक विद्यार्थी को स्वर्गीय भैरोसिंह शेखावत के जीवन मूल्यों ओर चरित्र को पढ़ना और अनुसरण करना चाहिए। श्रद्धेय बाबोसा के प्रखर राष्ट्रवादी विचार हमें सदैव जनकल्याण के पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा देते रहेंगे। इस अवसर पर डॉ चंद्रगुप्त सिंह चौहान, आकाश वागरेचा, शांतिलाल जैन, प्रदीप रावानी, भोपाल सिंह राव गोगुंदा, दीपक शर्मा, अशोक मालवीय, गौरव नागर, दिव्या जोशी, आरोग्य शेखर, अरुण जी, ओमप्रकाश बारबर, सुरेश आंचलिया जी, गुणवंत जी वागरेचा, महेन्द्र जोशी, पूनम जी मोर, महेंद्र जी भोई, तुलसीराम जी भावसार, पिंटू सुथार, हरीश चित्तौड़ा, देवेंद्र सलूजा उपस्थित रहे।

# हर्षे उल्लास के साथ गोवाडी में भाई दूज पर्व, रथोत्सव मेला व मनोकामना सिद्धी विधान सम्पन्न



सागवाडा (जयदीप जोशी)। निकटवर्ती गोवाडी अजितनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर मे सकल दिगम्बर जैन समाज सागवाडा के संयोजन मे भाई दूज के अवसर पर गुरुवार को प्रातः श्री अजितनाथ महामण्डल विधान का आयोजन प्रतिष्ठाचार्य पंडित विनोद उर्फ विरल पगारिया के तत्वावधान मे आर्यिका विजयमती, वूमन्स फेडरेशन गुरप की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती प्रेरणा -नरेन्द्र शाह , सूची - प्राशु शाह परिवार सागवाडा द्वारा किया गया। मंदिर व्यवस्था समिति के अध्यक्ष गजेन्द्र कुमार गोवाडिया ने बताया गुरुवार को प्रातः मूलनायक अजितनाथ भगवान तथा गर्भ गृह के बायी ओर बाहर वेदी पर विराजित शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा का विविध द्रव्य पूरित कलशों से महाभिषेक किया गया साथ ही विश्व शान्ति कामनार्थ प्रतिमा पर प्रेरणा शाह , प्राशु , सूचि शाह पालिकाध्यक्ष आशीष गांधी द्वारा शान्तिधारा की गयी। सकलीकरण , इन्द्र प्रतिष्ठा , मण्डप प्रतिष्ठा , दीप प्रज्वलन , पंच मंगल कलश स्थापना के बाद नवदेवता व मूलनायक अजितनाथ भगवान की अष्ट द्रव्य पूजा की गयी। इसके बाद यजमान शाह परिवार तथा इन्द्र इन्द्राणियो के समूह द्वारा प्रतिष्ठाचार्य विनोद पगारिया के मंत्रोच्चारण के साथ अजितनाथ विधान विधान मंडप पर अष्ट द्रव्य श्रीफल युक्त 121 अर्घ समर्पित किये गये। साथ ही 24 वे तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी के के निर्वाण महोत्सव मोक्ष कल्याणक के उपलक्ष मे श्रद्धालुओं द्वारा निर्वाण मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू डॉक्टर दिव्या डॉक्टर हर्ष जैन निवासी डूंगरपुर द्वारा निर्वाण कांड स्त्रोत के वाचन के साथ विधान मण्डप पर चढाया गया। शान्तिपाठ व विसर्जन विधि के बाद 23 वे तीर्थकर पारसनाथ भगवान की प्रतिमा को प्राचीन काष्ट निर्मित रथ मे विराजित कर रथ यात्रा शोभा यात्रा पारम्परिक वाद्य यंत्रों ढोल नगाडो के साथ निकाली गयी। स्वामी के 2551वे निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष मे श्रद्धालुओं द्वारा निर्वाण मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढाया। शान्तिपाठ व विसर्जन विधि के बाद जिनेन्द्र भगवान की प्रतिमा को प्राचीन काष्ट निर्मित रथ मे विराजित कर रथ यात्रा शोभा यात्रा पारम्परिक वाद्य यंत्रों ढोल नगाडो के साथ निकाली गई। रथयात्रा मे श्रद्धालुओं द्वारा गैर नृत्य खेला गया रात्रि मे मन्दिर मे 108 दीपकों से जिनेन्द्र भगवान की आरती के साथ महोत्सव सम्पन्न हुआ। इस अवसर जैन समाज सागवाड़ा के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। इस अवसर पर सेठ महेश नोगमिया, ट्रस्टी गण,किर्ती भाई सरार्फ,केशरीमल शाह, सहित सागवाड़ा पुनर्वास कॉलोनी समेत अनेक जगह के श्रद्धालु उपस्थित थे।

# ट्रक ने बाइक सवार दंपती को 50 फीट तक घसीटा, दोनों की मौके पर मौत



उदयपुर। उदयपुर में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रक ने बाइक सवार पति-पत्नी को कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रक ने दंपती को लगभग 50 फीट तक घसीटा, जिससे महिला का सिर बुरी तरह कुचल गया। यह हादसा उदयपुर-चित्तौड़गढ़ हाईवे पर देबारी चौराहे के पास हुआ। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची प्रतापनगर थाना पुलिस ने शवों को एमबी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया और ट्रक को जब्त कर थाने पहुंचाया।

### घाटा वाली माता के दर्शन कर लौट रहे थे पति-पत्नी

जानकारी के अनुसार, हादसा दोपहर करीब 2 बजे हुआ। बाइक सवार पति-पत्नी घाटा वाली माता के दर्शन करने के बाद सुखेर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े और ट्रक के आगे वाले हिस्से के नीचे आ गए। दंपती को संभलने का मौका तक नहीं मिला। ट्रक ने उन्हें करीब 50 फीट तक घसीटा, जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

### मृतकों की पहचान ओमगिरी और पुष्पा के रूप में

हादसे में मारे गए दंपती की पहचान ओमगिरी गोस्वामी (48) और उनकी पत्नी पुष्पा (43) निवासी नऊवा, चंदेसरा के रूप में हुई। ओमगिरी सुखेर क्षेत्र में गार्ड की नौकरी करते थे। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने भागते हुए ट्रक चालक को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने मामले में प्राथमिक जांच शुरू कर दी है और चालक की तलाश की जा रही है।

# महाराज शत्रुदमन सिंह शिवरती की हस्तलिखित पुस्तक ‘साधक सोपान’ का विमोचन बाली (इंडोनेशिया) में



उदयपुर। मेवाड़ राजपरिवार के संत तुल्य दिव्यपुरुष स्वर्गीय महाराज शत्रुदमन सिंह शिवरती द्वारा हस्तलिखित ग्रंथ 'साधक सोपान' (श्रीमद्भगवद्गीता की टीका) का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विमोचन इंडोनेशिया के पौराणिक स्थल बाली में किया गया। यह ग्रंथ जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा प्रकाशित किया गया है। यह पुस्तक महाराज शिवरती द्वारा लगभग 20 वर्षों के श्रमसाध्य लेखन का परिणाम है। उन्होंने अपने पूर्वजों संत शिरोमणि मीरा बाई और लोकसंत बावजी चतुरसिंह जी की आध्यात्मिक परंपरा से प्रेरणा लेकर इस ग्रंथ की रचना की।

### अंतरराष्ट्रीय मंच पर हुआ आध्यात्मिक विमोचन

'साधक सोपान' का विमोचन सुग्रीवा हिन्दू विश्वविद्यालय, डेनपसार (बाली) में आयोजित समारोह में किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डी. आर. एस. आई. गुस्ती नागुरा, डॉ. आई. मेड धर्मयसा (रासा आचार्य एवं कुलपति), प्रो. मुरली मनोहर पाठक (कुलपति, एल.बी.एस.एन.एस.यू. एवं महासचिव, वैश्विक संस्कृत मंच), प्रो. श्री प्रकाश सिंह (कुलपति), डॉ. शशांक ए. (कौंसुल जनरल ऑफ इंडिया), डॉ. वयान मिडिओ (लेफ्टिनेंट जनरल, इंडोनेशिया), तथा प्रो. राजेश मिश्रा (सचिव, ग्लोबल संस्कृत फोरम) सहित कई वेद, उपनिषद, भगवद्गीता एवं संस्कृत के विद्वान उपस्थित रहे।

### प्रो. अजातशत्रु सिंह शिवरती ने किया मेवाड़ का प्रतिनिधित्व

मेवाड़ से शिवरती घराने के प्रो. अजातशत्रु सिंह शिवरती, निदेशक – शिवरती शोध संस्थान, ने इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर मेवाड़ का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि – “प्राचीन काल में मेवाड़ और बाली जैसी सभ्यताओं के बीच सांस्कृतिक और वैचारिक आदान-प्रदान के स्पष्ट प्रमाण मिलते हैं। वैदिक ज्ञान, योग और सनातन धर्म की विचारधारा ने न केवल भारत में बल्कि दक्षिण-पूर्व एशिया में भी गहरा प्रभाव डाला। बाली की परंपराएँ — जहाँ हिन्दू धर्म, अध्यात्म और सामूहिक जीवन के मूल्य आज भी जीवित हैं — भारत की सनातन संस्कृति से गहराई से जुड़ी हुई हैं। यह समानता इस बात का प्रतीक है कि भारत का सांस्कृतिक प्रकाश सीमाओं से परे जाकर इंडोनेशिया जैसे द्वीपीय राष्ट्रों तक भी फैलता रहा है।"

### संस्कृति और अध्यात्म का संगम

विमोचन समारोह में भारत और इंडोनेशिया के अनेक संस्कृतविद, शोधार्थी, शिक्षाविद और पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में बाली की पारंपरिक झलक लिए एक सांस्कृतिक प्रस्तुति भी आयोजित की गई, जिसमें भारत-इंडोनेशिया की साझा आध्यात्मिक विरासत को अभिव्यक्त किया गया।

# भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण महोत्सव मनया चढ़ाया लड्डू

सागवाडा (जयदीप जोशी)। संकल दिगम्बर जैन समाज ने जैन धर्म के चौबीसवें एवं अन्तिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2551 वां निर्वाण महोत्सव धूमधाम से मनाया तथा श्रद्धा पूर्वक मनया लाडू चढ़ाया। नगर के आसपुर मार्ग पर स्थित योगिन्द्र गिरी क्षेत्र पर यजमान परिवार द्वारा लाडू चढ़ाया गया व सुन्दर युवा मंच द्वारा आरती उतारी गई। जैन समाज ने प्रातः जैन धर्म के चौबीसवे एवम अन्तिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2551 वां निर्वाण महोत्सव धूमधाम से मनाया गया स्थानीय श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मन्दिर मे प्रातः जिनेन्द्र भगवान के अभिषेक पूजन के बाद यजमान परिवार द्वारा निर्वाण लाडू चढाया गया श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन सोनीयो का मन्दिर मे यजमान परिवार द्वारा लाडू चढाया गया। शनिवार शाम को अतिशय क्षैत्र योगीन्द्रगिरी पर परम्परागत रूप से नवबर्ष प्रतिपदा अवसर पर सांयकाल बेला मे सकल दिगम्बर जैन समाज सागवाडा के तत्वावधान मे निर्वाण महोत्सव मनाया गया एवम निर्वाण लाडू चढाया गया एवम अन्त मे आरती उतारी गयी। आरती उतारी गई।

# 26 को होगी जिला स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता, सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर वर्ग के खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

उदयपुर। जिला वेटलिफ्टिंग संघ की ओर से आगामी 26 अक्टूबर (रविवार) को जिला स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से चेतक स्थित लवकुश इनडोर स्टेडियम में आरंभ होगी। संघ के सचिव कमलेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर तीनों वर्गों के खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले में वेटलिफ्टिंग खेल को बढ़ावा देना और नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। संघ के अध्यक्ष राजकुमार खटवानी ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को जन्म प्रमाण पत्र की मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य होगा, जो आयु वर्ग के सत्यापन हेतु आवश्यक रहेगा। खटवानी ने कहा कि प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजन समिति ने सभी तकनीकी अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। साथ ही खिलाड़ियों के लिए आवश्यक सुविधाएं — जैसे वजन माप उपकरण, मेडिकल सहायता आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता से जिले के युवा खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप के लिए चयन का अवसर भी प्राप्त होगा। जिला वेटलिफ्टिंग संघ ने उदयपुर जिले के सभी इच्छुक खिलाड़ियों से आग्रह किया है कि वे प्रतियोगिता के दिन सुबह 9 बजे से 10 बजे तक स्थल पर पहुंचकर अपना पंजीकरण कराएं और समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।

# सालवी समाज साठखेड़ा-खेरोदा चौकी के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को दी बधाई



उदयपुर। किशनपोल सालवी कॉलोनी स्थित निवास पर मोहम्मद सलीम खां (हेला समाज), गोपाल नाथ जी महाराज (नाथ समाज) एवं उनके सहयोगी मित्रों ने पहुंचकर सालवी समाज, उदयपुर के अध्यक्ष नारायणलाल सलाया और कोषाध्यक्ष हीरालाल डोडिया को बधाई दी। उन्होंने दोनों पदाधिकारियों को सालवी समाज, साठखेड़ा-खेरोदा चौकी का अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष निर्वाचित होने तथा भारी मतों से विजय प्राप्त करने पर माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।